हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38 .9 डिग्री
न्यूनतम 30 .0 डिग्री

12 80 लाख की मशीन टीबी का उपचार होगा आसान



13 भिवानी सब ब्रांच को कंक्रीट से पक्का करने पर किसान चिंतित



## खबर संक्षेप

### छत से गिरकर श्रमिक की मौत, अगले माह थी शादी

**सोनीपत।** बहालगढ़ क्षेत्र स्थित एक राइस मिल में काम के दौरान हुए हादसे में 24 वर्षीय श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद निवासी अभि के रूप में हुई है। युवक की छह जुलाई में शादी तय थी। जानकारी के अनुसार अभि करीब तीन माह पहले अपने भाइयों के साथ रोजगार की तलाश में सोनीपत आया था और 27 अप्रैल से बहालगढ़ की एक राइस मिल में कार्यरत था। बुधवार को वह अन्य कर्मचारियों के साथ मिल की छत पर लगी सोलर प्लेटों की सफाई कर रहा था। इसी दौरान करीब 35 फीट ऊंचाई से संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर गया। सहकर्मियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि अभि परिवार का बड़ा बेटा था। उसकी सगाई 17 मार्च को हुई थी, अब शादी की तैयारियां चल रही थी।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्तौल बरामद की है। आरोपित की पहचान हर्ष निवासी गांव खेवड़ा, हाल निवासी जनता कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुख्य सिपाही अमित अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भोगल अस्पताल के सामने स्थित मार्केट में एक युवक अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### 106 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक युवक को 106 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अंकुश निवासी सरस्वती विहार, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बहालगढ़ चौक पर गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि सेक्टर-7 फ्लाईओवर के नीचे एक युवक हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपित की जींस की जेब से दो पुड़ियों में रखी हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया।

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मौसम, आंधी-बूंदाबांदी से मिली राहत

■ शुक्रवार को भी तेज हवाओं और हल्की बारिश के आसार, 13 जून के बाद प्री-मानसून की दस्तक संभव

**मौसम अपडेट**

■ सोनीपत में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री दर्ज हुआ

■ धूल भरी आंधी और बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट

■ 20 से 22 जून के बीच प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने की संभावना



सोनीपत। रेलवे रोड पर चलती धूल भरी आंधी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली-एनसीआर और सोनीपत में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ले ली। वीरवार दोपहर बाद तेज धूल भरी आंधी और हल्की बूंदाबांदी के चलते भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और शाम के समय वातावरण सुहावना हो गया।

### दोपहर बाद बादल छा गए

जून की शुरुआत में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच वीरवार सुबह भी तेज धूप और उमस बनी रही, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शाम तक तापमान घटकर करीब 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार वीरवार को सोनीपत का न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो हरियाणा में सबसे कम रहा।

### रात का तापमान गिरेगा

विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक रात का तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा, जबकि दिन के समय उमस का असर महसूस हो सकता है। इस दौरान 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

### अच्छी बारिश की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 13 जून के बाद क्षेत्र में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। 20 से 22 जून के बीच अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है। यह बारिश खरीफ सीजन की फसलों, विशेषकर धान की रोपाई के लिए लाभदायक साबित हो सकती है।



### पाकिस्तान के ऊपर बन रहे नए बादलों से बदल रहा मौसम

कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि पाकिस्तान के ऊपर लगातार नए बादलों का निर्माण हो रहा है, जिसका असर हरियाणा समेत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पर पड़ रहा है। अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी आशंका है। फिलहाल तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने के आसार हैं।

# मेन पाइपलाइन की वॉल्व लीक होने से 38 हजार लोग पानी को तरसे

## दो गांव और सात कॉलोनियों में 20 घंटे तक पेयजल संकट, रातभर मरम्मत में जुटी रही नगर निगम टीम

कालूपुर बूस्टिंग स्टेशन से पेयजल आपूर्ति रही बाधित, दोपहर बाद आपूर्ति बहाल होने पर लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरिभूमि सरोकार

ओल्ड रोहतक रोड औद्योगिक क्षेत्र में कालूपुर चुंगी के पास बुधवार देर शाम मेन पेयजल पाइपलाइन की वॉल्व लीक होने से दो गांवों और सात कॉलोनियों में करीब 20 घंटे तक पेयजल संकट बना रहा। कालूपुर बूस्टिंग स्टेशन से होने वाली जलापूर्ति बाधित होने के कारण करीब 38 हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम की टीम रातभर मरम्मत कार्य में जुटी रही, जिसके बाद वीरवार दोपहर पेयजल आपूर्ति बहाल हो सकी। बुधवार शाम अचानक पाइपलाइन की वॉल्व में गंभीर रिसाव होने से जलापूर्ति प्रभावित हो गई।

गुरुवार सुबह घरों में पानी नहीं पहुंचने से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई और नगर निगम अधिकारियों के पास शिकायतों की बाढ़ आ गई। निगम कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की खुदाई कर क्षतिग्रस्त वॉल्व को बदलने का कार्य शुरू किया, जो देर रात तक चलता रहा। वॉल्व बदलने के बाद फिर से पेयजल की सप्लाई शुरू की गई। गर्मी के मौसम में लोगों को घंटों तक पानी के लिए तरसना पड़ा।



### इन क्षेत्रों में रही जलापूर्ति ठप

गांव कालूपुर, लहराड़ा, बाबा कॉलोनी, ओल्ड औद्योगिक क्षेत्र, कीर्ति नगर, भगत सिंह कॉलोनी, मोहन नगर, लक्ष्मण कॉलोनी और विशाल नगर में बुधवार शाम से गुरुवार दोपहर तक पेयजल आपूर्ति बंद रही। प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को पानी के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने पड़े।

### पेयजल आपूर्ति को बहाल करवाया

ओल्ड रोहतक रोड औद्योगिक क्षेत्र में कालूपुर चुंगी के पास बुधवार देर शाम को मेन पेयजल पाइपलाइन की वॉल्व लीक होने से समस्या उत्पन्न हुई थी। सड़क की खोदाई कराने के बाद क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करवाकर पेयजल आपूर्ति को बहाल करवा दिया गया है। सभी कॉलोनियों के घरों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।
-**विकास कुमार**, कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम, सोनीपत

लीक वाल्व



### निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेन पेयजल पाइपलाइन की वॉल्व में रिसाव की समस्या कोई नई नहीं थी, बल्कि पिछले काफी समय से बनी हुई थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। लोगों के अनुसार वॉल्व से लगातार पानी रिसता रहता था, जिससे न केवल पेयजल की बर्बादी हो रही थी, बल्कि भविष्य में बड़ी तकनीकी खराबी की आशंका भी बनी हुई थी।

शहर के मिशन चौक पर दिनदहाड़े वारदात से हड़कंप

# दुकानदार से 15 हजार की नोटों की मालाएं ले उड़े युवक

■ शादी समारोह के लिए नोटों की मालाएं दिखाने के बहाने दिया वारदात को अंजाम

**सोनीपत।** शहर के व्यस्त मिशन चौक क्षेत्र में वीरवार दोपहर दिनदहाड़े झपटमारी की वारदात सामने आई। बाइक सवार दो युवक एक दुकानदार को झांसा देकर करीब 15 हजार रुपये मूल्य की नोटों की मालाएं लेकर फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों में रोष है और उन्होंने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मिशन चौक के निकट पवन कुमार की जनरल स्टोर व हार-पगड़ी की दुकान है। दोपहर करीब डेढ़ बजे बाइक पर सवार दो युवक दुकान पर पहुंचे। इनमें से एक युवक ग्राहक बनकर दुकान के अंदर गया और शादी समारोह में इस्तेमाल होने वाली नोटों की मालाएं दिखाने को कहा। दुकानदार ने उसे 10 हजार और 5 हजार रुपये की नोटों से तैयार मालाएं दिखाईं। इसी दौरान युवक मौका पाकर दोनों मालाएं उठाकर बाहर भाग निकला, जहां उसका साथी पहले से बाइक स्टार्ट कर तैयार खड़ा था। दोनों आरोपी कुछ ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए, लेकिन तब तक बदमाश फ्लाईओवर की ओर निकल चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में दोनों युवक कैमरों में दिखाई दिए हैं। पुलिस उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने बाजारों में नियमित पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**गन्नौर।** गांव पांची और अगवानपुर के बीच सड़क पर बुधवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा कॉलोनी निवासी गंगाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सावन और साला रमेश निवासी खेड़ी क्रमू (शामली, उत्तर प्रदेश) बुधवार रात मोटरसाइकिल पर गांव चटिया से गन्नौर स्थित घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे पांची और अगवानपुर के बीच गन्नौर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में रमेश के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सावन घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गन्नौर में भर्ती कराया गया।

10 से 14 जून तक समर एडवेंचर कैंप में लेंगे हिस्सा

ट्रैकिंग से लेकर हिमालय की प्रकृति का अध्यनन व अनुभव लेंगे छात्र

# मनाली में साहसिक गतिविधियों का हुनर दिखाएंगे सोनीपत के 55 मेधावी विद्यार्थी

■ जिले के 11 पीएमश्री विद्यालयों से चयनित किए गए 55 विद्यार्थी

■ ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग व संस्कृति अध्ययन जैसी गतिविधियों में लेंगे भाग

■ उच्चतर शिक्षा विभाग वहन करेगा यात्रा, आवास और भोजन का पूरा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के 55 मेधावी विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन साहसिक एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### जीवों का अध्ययन करेंगे

10 से 14 जून तक आयोजित होने वाले इस समर एडवेंचर कैंप में विद्यार्थी ट्रैकिंग, रैपलिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, बाधा पार करने, संस्कृति एवं विरासत अध्ययन के साथ-साथ हिमालय की प्रकृति, वनस्पतियों और वन्य जीवों का अध्ययन करेंगे। समग्र शिक्षा हरियाणा और विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा मेरिट के आधार पर ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के तहत जिले के प्रत्येक पीएमश्री विद्यालय से पांच-पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित दल में 22 छात्र और 33 छात्राएं शामिल हैं। यह दल 9 जून को जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह, अमित भनवाला और तीन शिक्षकों के नेतृत्व में मनाली के लिए रवाना होगा। अधिकारियों के अनुसार प्रदेशभर से 1250 विद्यार्थी और 66 शिक्षक इस शिविर में भाग लेंगे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को साहसिक गतिविधियों के अलावा योग, ध्यान, व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल, रिपोर्ट लेखन, कैंप फायर तथा स्थानीय दर्शनीय स्थलों के भ्रमण का अवसर भी मिलेगा। सभी प्रतिभागियों के रहने, खाने और यात्रा का खर्च उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।




सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

### शिक्षक बच्चों को मार्गदर्शन करेंगे



साहसिक शिविर के लिए मनाली भेजे जाने वाले सभी प्रतिभागियों को अनुशासन में रहने व एस्कॉर्ट टीचर के अनुसार हर गतिविधि में सावधानीपूर्वक भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। सभी को साहसिक व प्राकृतिक अध्ययन के अनुभव, सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई है। प्रत्येक विद्यार्थी हर गतिविधि में भाग लेकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे।
-**कृष्णा खत्री**, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत

# एसआईआर कार्य में लापरवाही पर निगम लिपिक के खिलाफ एफआईआर के आदेश

■ समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहने और संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई

**सोनीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)-2026 के तहत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर सोनीपत विधानसभा के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एडीएम सुभाष चंद्र ने नगर निगम के लिपिक सतीश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित कर्मचारी को बूथ संख्या-118 पर बीएलओ नियुक्त किया गया था। एडीएम ने बताया कि कर्मचारी ने निर्वाचन संबंधी दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया और कई समीक्षा बैठकों से भी अनुपस्थित रहा। बार-बार स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद वह संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 32 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिल विवाद में ढाबे पर बवाल, तीन युवकों से मारपीट

■ अतिरिक्त शुल्क को लेकर कहासुनी के बाद हमला, लाठी-डंडों व रॉड से पीटने का आरोप

■ तीनों घायल युवकों को निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती

■ पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही मामले की जांच

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर बिल को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की इस घटना में दिल्ली के नरेला निवासी तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अभिनव, पंकज और सागर भोजन करने के लिए रसोई ढाबा पहुंचे थे। भोजन के बाद बिल का भुगतान करते समय उन्होंने कुछ अतिरिक्त शुल्क पर आपत्ति जताई, जिस पर काउंटर पर मौजूद कर्मचारी से उनकी कहासुनी हो गई। पीड़ितों का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ढाबे के कई कर्मचारी वहां पहुंच गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे तीनों घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने ढाबा संचालक, काउंटर प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते के विरोध में उतरा संयुक्त किसान मोर्चा

# झरोठी टोल पर प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले फूंके

भारतीय किसानों के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध होगा यह समझौता

- देश की आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं उससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा





संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के आह्वान पर भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले झरोठी टोल पर जलाया गया। जहां मुख्य तौर पर जिला प्रधान बेदी दहिया, प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया, जिला सचिव बुधराम कोहाड़, जिला प्रवक्ता देशपाल दहिया, जिला संयोजक इंद्रजीत राणा, चुन्नी हलालपुर, राजसिंह दहिया, जिला उपप्रधान समुंदर तोमर आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

किसान नेताओं ने बताया कि भारत की लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं उससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। भारतीय कृषि मुख्यतः छोटे एवं सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका में कृषि बड़े पैमाने पर यंत्रीकृत, कॉर्पोरेट आधारित तथा भारी सरकारी सहायता एवं सब्सिडी प्राप्त व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होती है। ऐसी असमान परिस्थितियों में दोनों देशों के कृषि उत्पादों के बीच खुली प्रतिस्पर्धा भारतीय किसानों के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यदि कृषि, डेयरी, पोल्ट्री तथा अन्य कृषि-आधारित उत्पादों को मुक्त व्यापार समझौते के अंतर्गत शामिल किया जाता है अथवा अमेरिकी उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर भारत में प्रवेश दिया जाता है, तो इससे भारतीय किसानों की आय, कृषि रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेंगे। डेयरी क्षेत्र पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है और करोड़ों छोटे पशुपालकों की आजीविका डेयरी व्यवसाय पर निर्भर है। सस्ते आयातित डेयरी उत्पाद भारतीय दुग्ध उत्पादकों को भारी नुक्सान पहुंचाएंगे। पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र प्रभावित होगा। अमेरिकी पोल्ट्री उत्पादों के आयात से देश के लाखों छोटे पोल्ट्री उत्पादकों और श्रमिकों की आजीविका संकट में पड़ सकती है। फसलों के लाभकारी मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीण रोजगार में कमी आ सकती है और कृषि आधारित उद्योगों एवं सहायक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत सरकार यह सुनिश्चित करे कि वर्तमान में चल रही भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता वार्ताओं के दौरान कृषि, डेयरी, पोल्ट्री, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा अन्य कृषि-संबंधित क्षेत्रों के हितों के प्रतिकूल कोई भी प्रतिबद्धता या समझौता स्वीकार न किया जाए।

### फ्री ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने की मांग

**गोहाना।** भारतीय किसान यूनियन, चढ़ूनी ने फ्री ट्रेड डील (एफटीए) को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। एफटीए के विरोध में यूनियन से जुड़े किसानों ने उपमंडलीय परिसर में प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि हरियाणा सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों एवं नागरिकों द्वारा इस प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। यह डील देश की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, छोटे व्यापार, रोजगार व आत्मनिर्भरता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत के अधिकांश किसान छोटे एवं सीमांत किसान हैं, जबकि अमेरिका में कृषि बड़े स्तर पर व्यावसायिक रूप से की जाती है। वहां के किसानों को भारी सरकारी सहायता एवं सब्सिडी प्राप्त होती है। ऐसी असमान परिस्थितियों में किसी भी प्रकार की फ्री ट्रेड डील भारतीय किसानों और आम जनता के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि देश की कृषि, खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार का निर्णय जनता और संबंधित पक्षों की व्यापक सहमति के बिना नहीं लिया जाना चाहिए। इसलिए फ्री ट्रेड डील (एफटीए) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

## जनता दरबार में तार बदलवाने, मीटर लगवाने की मांग का रहा बोलबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** शिकायत सुनते चेयरमैन सतेंद्र व बिजली निगम के अधिकारी

खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में बिजली निगम की ओर से जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। दरबार में सबसे अधिक शिकायतें जर्जर तार बदलवाने, नए बिजली मीटर लगवाने तथा बिजली कनेक्शन से जुड़ी रहीं।

जनता दरबार के दौरान निरथान के सरपंच राजेश कुमार ने अधिकारियों को बताया कि गांव की सामान्य चौपाल में अभी तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने चौपाल के लिए बिजली मीटर लगाने की मांग उठाई। वहीं मंडोरी के साहिल ने नए बिजली मीटर की आवश्यकता संबंधी शिकायत दर्ज करवाई। रोहट के ग्रामीणों ने ट्यूबवेल कनेक्शन की जर्जर हो चुकी लाइन को बदलवाने की मांग रखी। इस अवसर पर लाइनमैन रविंद्र सैदपुर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से एक किलोवाट सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। हरियाणा सरकार भी एक किलोवाट पर 25 हजार तथा दो किलोवाट पर 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में एसआईएस इंडिया लिमिटेड की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी भी दी गई।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र दहिया, एडीओ सैदपुर आशीष, एसडीओ खरखौदा रवि कुमार, रोहट के सरपंच संदीप कुमार, ग्राम सचिव तेज सिंह, निरथान के सरपंच राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने की बैठक

## राज्य कमेटी के आह्वान पर बनाई आंदोलन की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की सोनीपत ब्रांच की बैठक वीरवार को जुआं झाल पर आयोजित की गई। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान नीरज लकड़ा ने की, जबकि संचालन सचिव प्रदीप नैन ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 24 नवंबर 2025 को चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक कोई भी मांग लागू नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में रोष है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 और 16 जून 2026 को कार्यकारी अभियंता कार्यालयों के माध्यम से प्रमुख अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके बाद 4 जुलाई को भिवानी में श्रुति चौधरी और 18 जुलाई को हिसार में मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र, कृष्णा मेट, अनिल मेट, कृष्ण हुड्डा, सोनू कपूर, रोहित, मोहित, सुमित, सचिन, राकेश, सुरेंद्र, जयप्रकाश, दीपक, प्रशांत, राहुल, विरेंद्र फौजी, रामवीर, नवीन शर्मा, अनिल नैन आदि मौजूद रहे।

24 नवंबर 2025 को चंडीगढ़ मांगों को लेकर बनी सहमति

### डीसी नेहा सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**सोनीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने गुरुवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वेयर हाउस से संबंधित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में निर्माण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए इसको लेकर कड़े दिशा-निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार दिनेश कुमार, भाजपा से सोनिया मोर, कांग्रेस से अशोक शर्मा, आईएनएलडी से कुनाल गहलावत, सीपीआई से शरदानंद सोलंकी, बीएसपी से डीआर मलिक व अन्य मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनीं जन शिकायतें अधिकारियों को दिए तुरंत समाधान करने के निर्देश




**सोनीपत।** समाधान शिविर में गुरुवार को सीटीएम सिमरन की अध्यक्षता में लोगों की शिकायतें सुनी गईं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान नाहरा गांव में नाली को पक्का करवाने, बिजली मीटर में नाम परिवर्तन करवाने, ऑटोमोबाइल शोरूम द्वारा पांच माह बीत जाने के बावजूद वाहन की आरसी एवं नंबर प्लेट उपलब्ध न करवाने पर कार्रवाई करने, बीपीएल कार्ड धारक द्वारा फ्लैट आवंटन के लिए जमा करवाई गई 10 हजार रुपये की राशि वापस दिलवाने, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय संबंधी त्रुटि को ठीक करवाने तथा खेतों के रास्तों के बीच स्थित बिजली पोल को स्थानांतरित करवाने सहित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई। सीटीएम ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीपी राजपाल सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 21 जुलाई से 20 अगस्त तक मतदाता सूची संबंधी आपत्तियां होंगी दर्जः एसडीएम



**गन्नौर।** गन्नौर विस क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम (नागरिक) प्रवेश कादियान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान मतदाताओं की सुविधा एवं सहायता के लिए उपमंडलीय परिसर गन्नौर में प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या 19 में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। एसडीएम प्रवेश कादियान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधानसभा क्षेत्र के सभी कुल 223 बूथों पर मतदाता सूची वर्ष 2002 के अनुसार मतदाता सूची का मिलान करने के लिए 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर बीएलओं द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण किया जाएगा। 14 जुलाई को ही मतगणना केन्द्रों का रेशनलाईजेशन का कार्य करते हुए, 21 जुलाई को ड्राफ्ट इलेक्टरॉल रोल का प्रकाशन किया जाएगा। 21 जुलाई से 20 अगस्त तक मतदाता सूची संबंधी दावें एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तक प्राप्त गणना प्रपत्रों की त्रुटियों पर नोटिस जारी कर दावें एवं आपत्तियों को दुरूस्त किया जाएगा। दिनांक 22 सितंबर 2026 को इलैक्टरॉल रोल का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



### एसडीएम ने उपमंडलीय परिसर में समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

**गोहाना।** उपमंडलीय परिसर में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए समस्याएं सुनी। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के समाधान पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक समस्या पर गंभीरता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने कहा कि इस प्रकार के समाधान शिविर की वास्तविक सफलता तभी मानी जाती है जब आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। समाधान शिविर एक प्रभावी पहल हैं, जहां लोगों को अपनी समस्याएं बताने का अच्छा अवसर मिलता है। हर शिकायत के पीछे लोगों की वास्तविक परेशानी जुड़ी होती है। इसलिए शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। शिकायतों के समाधान में जवाबदेही बेहद जरूरी है। इस अवसर पर तहसीलदार शिखा, नायब तहसीलदार खानपुर अंजू, नगर परिषद सचिव सुंदर शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिले में 2182 टीबी मरीजों का इलाज जारी, डोर-टू-डोर सर्वे भी तेज

## 80 लाख की मशीन टीबी को देगी मात, एक साथ 32 मरीजों के बलगम नमूने जांचने की क्षमता

सीबी-नैट के मुकाबले कई गुना बढ़ेगी टीबी जांच की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल के टीबी विभाग परिसर में रखी आधुनिक टीबी जांच मशीन।

जिले में पहली बार नागरिक अस्पताल के टीबी विभाग में टीबी मुक्त भारत अभियान को नई दिशा देने के लिए अत्याधुनिक पैथोट्रैक मशीन स्थापित की जाएगी। अस्पताल को करीब 80 लाख रुपये की आधुनिक मशीन मिल चुकी है, जिसे जल्द शुरू कर टीबी मरीजों की जांच में प्रयोग कर जिले को टीबी मुक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। मशीन से जहां मरीजों को सुविधा मिलेगी, वहीं कर्मचारी एक साथ 32 मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच की कार्यक्षमता को बढ़ा सकेंगे।

जिला नोडल टीबी अधिकारी डॉ. तरुण यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने नागरिक अस्पताल को मशीन सौंप दी है, जिसे जल्द स्थापित करवाया जाएगा। अब टीबी जांच की क्षमता कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। साथ ही मरीजों को रिपोर्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले अस्पताल में मौजूद सीबी-नैट मशीन के जरिए टीबी जांच की जाती थी। उस मशीन में एक समय में सीमित संख्या में नमूनों की जांच संभव थी। एक दिन में मात्र 25 लोगों की जांच ही हो पाती थी। नई मशीन से एक बार में 32 नमूनों की जांच संभव हो सकेगी, जिससे संदिग्ध मरीजों की जल्द पहचान कर समय पर उपचार शुरू किया जा सकेगा।

### संभावित मरीजों की पहचान कराई जा रही

*समय पर जांच, सही उपचार, जागरूकता के माध्यम से टीबी को जड़ से समाप्त करने का लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग लगातार टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। जिले में इस वर्ष 2182 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। विभाग की टीमें डोर-टू-डोर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान कर रही हैं, ताकि विभाग की नजर से ओझल टीबी रोगियों को समय रहते इलाज मिल सके। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में एक्स-रे कैंप भी लगाए जा रहे हैं।*

*-डॉ. तरुण यादव, जिला नोडल टीबी अधिकारी*

## न्यूज डायरी

### योग स्पर्धा में यश प्रथम और अंश द्वितीय



**गोहाना।** 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा गोहाना में शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता करवाई गई। योग प्रतियोगिता में अंडर-10 से 14 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में यश, आशु और ईशांत, महिला वर्ग में अनन्या, कृतिका और सुधा, अंडर-14 से 18 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग उत्कृष, शुभम पांचाल और विनय, महिला वर्ग में सोनिया, पारुल और चंचल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-18 से 25 आयु वर्ग के महिला वर्ग में नेहा प्रथम और मुस्कान द्वितीय रही। 25 से 35 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में सज्जन सिंह और 35 से 45 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में सतीश प्रथम घोषित किए गए। निर्णायक मंडल में मीरभान, प्रोमिला कौर, नीलम, जयदीप और अमरजीत शामिल रहे।

### शिविर में प्रतिभागियों को दिया प्रशिक्षण



**सोनीपत।** आर्य वीर दल सोनीपत और वेद प्रचार मंडल जिला सोनीपत के तत्वावधान में एसएम हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निकट रेलवे लाइन, सोनीपत में आयोजित चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर-2026 उत्साहपूर्वक जारी है। शिविर में प्रतिभागियों को शारीरिक व्यायाम, योग, अनुशासन, आत्मरक्षा तथा नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रातःकालीन सत्र में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में युवाओं और बच्चों ने विभिन्न व्यायामों एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्तम चरित्र का विकास करना है। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और आर्य समाज के कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

### एसडीएम को श्रीमद्भागवत गीता भेंट की



**गोहाना।** एडवोकेट मनोज गोहाना ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ एसडीएम अंकित कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने एसडीएम के कार्यालय पहुंचकर उनको श्रीमद्भागवत गीता भेंट की।

एडवोकेट मनोज ने कहा कि पुरानी अनाज मंडी में पिछले कुछ समय से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई थी। मंडी में जगह-जगह कूड़े के ढेरों से जनसामान्य को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनके अनुसार एसडीएम अंकित कुमार के आदेश पर स्थानयी प्रशासन द्वारा कूड़े के ढेरों का त्वरित उठान करवाया गया। इसके लिए एडवोकेट मनोज गोहाना ने अपने सहयोगी अधिवक्ता राजीव चोपड़ा, स्वीन गुलिया और जयदीप मोर के साथ एसडीएम से शिष्टाचार मुलाकत कर उनका आभार जताते हुए उनको श्रीमद्भागवत गीता भेंट की।

### डीसी ने बच्चों से कार्यलय में ली जानकारी



**सोनीपत।** पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत लाभान्वित बच्चों ने गुरुवार को उपायुक्त नेहा सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और सरकार द्वारा दी जा रही सहायता एवं सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उपायुक्त नेहा सिंह ने बच्चों से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें पूरी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितु गिल भी उपस्थित रहीं।

### बच्चों के अधिकारों से नहीं होगा समझौता



**सोनीपत।** नगराधीश सिमरन की अध्यक्षता में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नगराधीश ने कहा कि बाल मजदूरी कानूनन अपराध है और जिले में इस पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण अभियान चलाने तथा बाल मजदूरी करवाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

सिमरन ने बच्चों के साथ शोषण, उत्पीड़न और अत्याचार के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने तथा पोक्सो एक्ट के तहत दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ. अनमोल, डीसीपी मलकीत, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, सीएमओ अनुराधा जैन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितू गिल, अनीता शर्मा, संगीता गौड़, शिव प्रसाद शर्मा और राज सिंह सांगवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीएलए को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**गोहाना।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार 33-बरोदा विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए-1 एवं बीएलए-2 के लिए एक दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ)-33 बरोदा एवं एसडीएम गोहाना अंकित कुमार ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जांच, पात्र मतदाताओं के पंजीकरण तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सेक्टर-8 से 9 तक सड़क का किया जाना है मिलान

# पुलिस बल के साथ कब्जा लेने पहुंची टीम की कार्रवाई पर जताया एतराज

**बीच में आने वाली जमीन पर ग्रामीणों ने बना रखी बाउंड्रीवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम वीरवार को रायपुर में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंची, तो उसे ग्रामीणों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जब टीम ने मौके पर दो बाउंड्रीवाल को गिरवाया, तो ग्रामीण भड़क उठे। इस दौरान टीम ग्रामीणों को 7 दिन का समय देकर, अपने आप कब्जे हटवाने की बात कहकर वापस लौट गई। प्रशासन की इस कार्यवाही के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नगर निगम के एक्सईएन पदम भूषण, एचएसवीपी के ईओ सिद्धार्थ, अन्य अधिकारियों सहित पुलिस बल शामिल रहा।

एचएसवीपी के अधिकारियों की मानें तो जमीन से कब्जा छुड़ाने के बाद सेक्टर 8 से 9 को आपस में मिलाने वाली सड़क का निर्माण किया जाना है, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।



सोनीपत। जेसीबी के जरिये कब्जा हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरोप है कि सड़क की जमीन पर रायपुर के ग्रामीणों ने अवैध रूप से पांच बाउंड्रीवाल का निर्माण किया हैं। जमीन से अवैध कब्जा छुड़ाने के लिए ही एचएसवीपी की टीम मौके पर पहुंची थी। जब जेसीबी की मदद से दो बाउंड्रीवाल गिराई गई, तो ग्रामीणों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। उधर ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी जबरदस्ती उनकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से बाउंड्रीवाल गिरवा रहे हैं। यह जमीन ग्रामीणों की है, उन्हें आज तक इस जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। ग्रामीणों के बढ़ते रोष, विरोध प्रदर्शन के बाद मौके पर स्थिति काफी तनावपूर्ण बनने लगी। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने पीछे कदम हटाते हुए वापस लौटना मुनासिफ समझा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पहले उन्हें उनकी जमीन का उचित मुआवजा दिलवाया जाए। बिना उचित प्रक्रिया और मुआवजा दिए उनकी जमीनों पर कोई तोड़फोड़ न की जाए।

### टीम को करना पड़ा विरोध का सामना

**गोहाना।** जींद रोड स्थित श्रीराम शरणम आश्रम के पीछे खंदराई गांव के निकट नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी के निर्माणाधीन मकान के सामने किए गए निर्माण को तोडने पहुंची जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग की टीम को गुरुवार को विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के विरोध में शहर के दुकानदारों ने बाजार बंद कर अपना समर्थन जताया। वहीं मौके पर पहुंचे चेयरपर्सन परिवार और स्थानीय लोगों के विरोध के बाद डीटीपी टीम को कार्रवाई बीच में छोड़कर लौटना पड़ा। डीटीपी विभाग की टीम दोपहर के समय पुलिस बल के साथ खंदराई गांव के निकट संबंधित भूमि पर पहुंची। टीम ने जेसीबी की सहायता से खेतों की बाउंड्री और अन्य निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी, उनके पति इंद्रजीत विरमानी, गुलशन विरमानी के बड़ी संख्या में समर्थक मौके पर पहुंच गए। विरोध के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना के निर्माणों को तोड़ा जा रहा है। इंद्रजीत विरमानी ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राजनीतिक द्वेष के चलते कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के आशियानों को निशाना बनाया जा रहा है और प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है। कार्रवाई के विरोध में शहर के अनेक व्यापारियों और दुकानदारों ने बाजार बंद कर दिया। व्यापारियों ने कहा कि यदि किसी प्रकार की कार्रवाई की जाती है तो उसमें सभी पक्षों को सुनने का अवसर मिलना चाहिए। बाजार बंद रहने से शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दिनभर गतिविधियां प्रभावित रहीं। उधर, विभाग की ओर से मौके पर मौजूद एटीपी गरिमा ने बताया कि संबंधित निर्माणकर्ताओं को वर्ष 2023 में नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित स्थल पर अवैध निर्माण किए गए हैं, जिनके खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जा रही थी। मौके पर बढ़ते विरोध और हंगामे के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विरोध को देखते हुए डीटीपी टीम को कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा। घटना को लेकर दिनभर शहर में चर्चा का माहौल बना रहा।

# बाबा मोहनदास मंदिर का 10 लाख रुपये से सौंदर्यीकरण किया जाएगा

- शाहपुर तगा में धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र ने सौंपा चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। बाबा मोहनदास मंदिर में विधायक देवेंद्र कादियान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

गांव शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंदिर परिसर पहुंचने पर ग्रामीणों और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में भी भाग लिया। कादियान ने बाबा मोहनदास मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक बाबा मोहनदास वेलफेयर एसोसिएशन को सौंपा। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित त्यागी गढ़ी केसरी ने भी मंदिर के विकास कार्यों के लिए सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम में विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुंदर सरपंच प्रतिनिधि शाहपुर तगा, नवीन त्यागी, ब्रह्म त्यागी, सतीश त्यागी, अनिल त्यागी, सतपाल त्यागी, बलराज, संदीप, महेश सरपंच घसौली, हरबीर दातौली आदि मौजूद रहे।

# जेबीएम की लापरवाही से जाम नाले का पानी प्लाटों में भरा, लोगों में रोष

- जेबीएम कंपनी ने बनाया है यहां कूड़ा एकत्रित प्वाईंट, जिससे नाला बंद, तेज आंधी के बाद हुई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

वीरवार को दोपहर बाद तेज आंधी के बाद हुई बूंदाबांदी से जहां तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं गढ़ी केसरी में भारत गैस गोदाम के सामने नाले जेबीएम कंपनी द्वारा बनाए गए कूड़ा प्वाईंट के कारण ओवरफ्लों होकर पास में पड़े खाली प्लाटों की जगह में भर गया। सूचना मिलने के बाद नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई के लिए क्रेन को बुलवाकर नाले पर ढके स्लैब को हटवाकर नालों को खोलने का काम किया। तब तक खाली प्लाटों की जगह में काफी नालों का गंदा पानी जमा हो गया। लोगों का आरोप है कि यहां पर जेबीएम कंपनी द्वारा बनाए गए कूड़ा प्वाइंट के पास स्थित नाले में कचरा और गाद


गन्नौर। प्लाटों में पानी भरने से रोकने के लिए स्लैब उठाते।

जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई। दोपहर बाद हुई बारिश के दौरान नाला ओवरफ्लो हो गया और उसका गंदा पानी आसपास के खाली प्लाटों में फैल गया। कुछ ही समय में प्लाटों में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया, जिससे बदबू और मच्छरों के पनपने की आशंका भी बढ़ गई। सूचना मिलने पर नगरपालिका ने कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की सहायता से नाले पर रखे स्लैब हटवाए और नाले की सफाई शुरू करवाई।

### खबर संक्षेप

#### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**गन्नौर।** पटेल नगर से घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत बाइक मालिक ने पुलिस को दी। शिकायत के बाद गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में दीपक पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव उल्देपुर (ठरु),जिला सोनीपत, हाल निवासी पटेल नगर (अनाज मंडी के सामने वाली गली),गन्नौर ने बताया कि उसने 3 जून की रात बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। इसके बाद अंदर चला गया। जब वह अगले दिन किसी कार्य से सोनीपत जाने के लिए घर से बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली।

## बरसाती पानी निकासी सुधारने के लिए नालों में बिछाई जाएगी पाइपलाइन

**सोनीपत।** बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहर के ओपन नालों में पाइपलाइन बिछाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य नालों में कचरा जमा होने से पैदा होने वाली रुकावटों को दूर कर वर्षा जल की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करना है। गुरुवार को स्वच्छता अभियान के तहत बाबा धाम के पीछे स्थित नाले की सफाई के दौरान मेयर राजीव जैन ने बताया कि प्रयोग के तौर पर जटवाड़ा क्षेत्र में फ्लाईओवर से सब्जी मंडी चौक तक नाले में पाइप डालने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि खुले नालों में लोग लगातार कचरा डाल देते हैं, जिससे सफाई के एक सप्ताह बाद ही नाले फिर से भर जाते हैं और जल निकासी प्रभावित होती है। नगर निगम की सह आयुक्त मीतू धनखड़ के दिशा-निर्देश पर वार्ड-5 में दो दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान नालों की सफाई के साथ सड़कों पर जमा कचरा और ईंट-रोड़े भी हटवाए गए। बिजली ट्रांसफार्मरों के आसपास लगाए गए जालों के भीतर भी सफाई करवाई गई। राजीव जैन ने कहा कि शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।


सोनीपत। नालों की सफाई के दौरान मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

# भिवानी सब ब्रांच को कंक्रीट से पक्का करने पर किसान चिंतित

- विधायक इंदुराज नरवाल किसानों के बीच पहुंचे और समस्या जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राज्य सरकार के नहर विभाग द्वारा भिवानी सब ब्रांच को कंक्रीट से पक्का किया जा रहा है। इससे चिंतित किसान गांव रिंढाना और लिजवाना की सीमा पर भिवानी सब ब्रांच के पुल के पास एकत्रित हुए। किसानों ने नहर को कंक्रीट से पक्का करने को लेकर गहरी चिंता जताई। बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल किसानों के बीच पहुंचे और उनकी समस्या जानी।


गोहाना। किसानों की समस्या सुनते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

किसानों ने कहा कि यदि नहर को पूरी तरह पक्का किया गया तो क्षेत्र का भूजल स्तर गिर जाएगा और फसलों की सिंचाई को पर्याप्त पानी न रहने से वे बर्बाद हो जाएंगे। इससे नहर के आसपास भूजल स्त्रोत (ट्यूबवेल) भी ठप पड़ जाएंगे। इसी विषय को लेकर किसानों और ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक इंदुराज नरवाल किसानों के बीच पहुंचे और अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक ने मौके पर अधिकारियों से परियोजना की पूरी जानकारी ली तथा ग्रामीणों और किसानों की चिंताओं से भी इस बारे अवगत कराया। गांव रिंढाणा, लजवाना कलां, धनाना, मेहरड़ा, हथवाला और अकालगढ़ के किसानों ने पेयजल, जल संरक्षण और कृषि हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखे।

## राष्ट्रीय शटल कॉक चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के भविष्य रोहिल्ला ने जीते 3 पदक

**खरखौदा।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में 4 वीं राष्ट्रीय शटल कॉक चैंपियनशिप में प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल के खिलाड़ी भविष्या रोहिल्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 3 पदक जीतकर विद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भविष्या ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक तथा यूथ वर्ग में दो रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता से लौटने पर प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल में भविष्य रोहिल्ला का प्राचार्या दया दहिया, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता एवं खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय के अकादमिक निदेशक सुबोध दहिया व दर्ष रोहिल्ला ने भविष्य का स्वागत किया। सभी ने भविष्य को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि हमें भविष्य रोहिल्ला की इस शानदार उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण एवं रजत पदक जीतना उसकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया कि भविष्य रोहिल्ला जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और मेहनत का संगम हो तो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।


खरखौदा। विजेता का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन।

### खांडा में करवाई ब्लॉक स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप


खरखौदा। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**खरखौदा।** खांडा गांव के एक निजी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा योगासन की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं खेल विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया। सभी प्रतिभागियों, योग प्रशिक्षक सुमन योगशाला नकलोई, पुष्पा योगशाला झरोठ, नीलम योगशाला सिलाना, सुमन बाला योगशाला नसीरपुर, निर्णायकों, विद्यालय स्टाफ एवं सहयोगियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हरियाणा में भाजपा संगठनात्मक रूप से अब और अधिक सशक्त होगी: जैन

- नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का गन्नौर मंडल अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के गन्नौर मंडल अध्यक्ष एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य अजय जैन ने हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर अजय जैन ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता का संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण पार्टी को नई मजबूती प्रदान करेगा। विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलेगी। अजय जैन ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता की कार्यशैली और समर्पण से प्रदेशभर के


गन्नौर। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को बधाई देते अजय जैन। फोटो :हरिभूमि

कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान प्रदेश में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। अजय जैन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को आश्वस्त किया कि गन्नौर के कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करते रहेंगे।

### एचएसवीपी की अनियमितताओं पर कार्रवाई का आश्वासन


सोनीपत। अधिकारियों से मुलाकात करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** एचएसवीपी डिवीजन सोनीपत के कार्यकारी अभियंता तथा गुरुग्राम सर्कल के अधीक्षक अभियंता अजीत सिंह से हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर के नेतृत्व में मुलाकात की। बैठक में एचएसवीपी के दोनों मंडलों में कथित अनियमितताओं, ड्यूटी में पक्षपात और राजीव गांधी एजुकेशन सिटी डिवीजन कार्यालय में बेलदार एवं वाटर पंप सहायक से डाटा एंट्री ऑपरेटर का कार्य लेने सहित ठेकेदारों के कथित बोगस बिलों के मामलों को उठाया गया। आर.के. नागर ने बताया कि कार्यकारी अभियंता ने इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एसडीओ नंबर-1, 2 और 3 को पत्र जारी कर जांच के निर्देश दिए हैं। बैठक में हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों के सत्यापन मामलों पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि पहले 1 जून तक मांगे गए मामलों की अंतिम तिथि बढ़ाकर 8 जून कर दी गई है।

# पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का केंद्र : डबास

- एचएपी फोर्थ बटालियन मधुबन की कमांडेंट ने मोई हुड्डा में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव मोई हुड्डा में वीरवार को लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि फोर्थ बटालियन मधुबन की कमांडेंट भारती डबास रहीं। गांव के सरपंच पवन शर्मा और ग्रामीणों ने उनका फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कमांडेंट भारती डबास ने नव स्थापित लाइब्रेरी का उद्घाटन करते विद्यार्थियों और युवाओं को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं होता, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व विकास का केंद्र होता है। उन्होंने युवाओं से पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग कर अपने भविष्य को


गोहाना। कमांडेंट भारती डबास को स्मृति चिहन भेंट करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। सरपंच पवन शर्मा ने संबोधन में कहा कि गांव में लाइब्रेरी की स्थापना से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिलेगा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को विशेष लाभ पहुंचेगा। भारती डबास का आभार व्यक्त करते स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# हाई टेंशन लाइन मुआवजा विवाद : किसानों ने प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

- बिना उचित सहमति और सही मार्केट वैल्यू आंके शुरू किया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गोहाना और सोनीपत क्षेत्र के कई गांवों के किसानों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उपायुक्त से मिला। किसानों ने सिवानी-सोनीपत 400 केवी ट्रांसमिशन हाई टेंशन लाइन के निर्माण में उनकी पुस्तैनी जमीन का सही मुआवजा न मिलने को लेकर एक लिखित शिकायत सौंपी। किसानों का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में केंद्र सरकार की नीतियों में त्रुटि करके ग्राम प्रतिनिधियों के महत्व को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। शिकायत


सोनीपत। अपनी समस्या बताते हुए किसान। फोटो :हरिभूमि

में बताया गया है कि पूर्व में वैल्युअर नियुक्त करते समय किसानों को आश्वासन दिया गया था कि जब तक 80 प्रतिशत प्रभावित किसान और सभी प्रतिनिधि सहमत नहीं होंगे, तब तक भूमि का मूल्यांकन दोबारा कराया जा सकता है।

लेकिन नियमों को ताक पर रखकर एसडीएम गोहाना कार्यालय में प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में ही पर्ची निकालने की औपचारिकता पूरी कर ली गई। किसानों के अनुसार, नियुक्त किए गए तीनों वैल्युअर द्वारा तय की गई कीमतों में भारी अंतर था। इस विसंगति पर जब प्रभावित किसानों ने ऐतराज दर्ज कराया, तो प्रशासन द्वारा उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।

## गन्नौर विस प्रभारी एवं गुरुग्राम के विधायक पहुंचे मुख्यातिथि

# संगठन को और मजबूत करना होगा: मुकेश शर्मा

**संगठनात्मक बैठक पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जीटी रोड स्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक चिरस्मी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में गन्नौर विधानसभा प्रभारी एवं गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि तथा जिला प्रभारी सतीश नांदल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी



गन्नौर। मुकेश शर्मा बैठक को संबोधित करते साथ में भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक।

संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के साथ राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ खड़ा रहना होगा। कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची की जांच करने तथा त्रुटियों को समय रहते दूर करवाने का आह्वान किया। मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने को लेकर गंभीर हैं। जिला प्रभारी सतीश नांदल ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसका कार्यकर्ता होता है। कार्यकर्ता यदि सक्रिय और संगठित हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने कहा कि गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का संगठन मजबूत है और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री नीरज ठरू, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, माईराम कौशिक मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत गुहणा**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुहणा की शामलात भूमि की बोली दिनांक 09.06.2026 को सुबह 10 बजे ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 10,000/- रूपये प्रति प्लाट होगी। बाकी सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत गुहणा, खण्ड सोनीपत


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
Summer Sale
04 June to 18 June
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
SUPER SAVER PACK
SANTOOR
GENTLE HAND WASH
CLASSIC
675 ML
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
Fiesta
1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
SAMPLA
GOHANA
KARNAL
HISAR
SONIPAT
BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR
CHIPS
AMUL TOMATO KETCHUP
GM POHA CLASSIC (500G)
MCCAIN 1.2KG
BREGANO PASTA
ALL VARIANTS
XCITE NOODLES ( 330 g)
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
NISHA NAMKEEN
SATMOLA NAMKEEN
MULBERRY MUFFINWALA
DABUR GLUCOSE-D 1KG
YUVAID SHARBAT
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
CATCH COLD DRINK 1.2LITRE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM
MANGO SIP 1LTR
PRABHAS GHEE
KHADI INDIA
ALL VARIANTS
COLGATE VISIBLE WHITE
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
COMFORT 2 LTR IMPORTED
CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML
BAJAJ COCONUT OIL PET 600ML/ 300ML
K'TRIQ
SELECTED VARIANT
DEHAAT MAKHANA
PRIL LIME GREASE 1.5LTR 750 ML
CHINAR MAT
Below MRP- ₹400
TRISHUL 5LTR
IHP PRODUCTS
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN
MANIA JUICE 1.2 LTR
BUY 1 GET 3 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
UPCOMING BRANCHES
Panipat
Sirsa
Rewari
Mohali
Ghaziabad
Sirhind
Jind
Narnaul
Malerkotla
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
paytm
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.